**SET-3**

**Series WXY6Z**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/6/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

## GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

**1.** सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए :

| | *(नगर)* | *(उदाहरण)* |
|---|---|---|
| (A) | खनन | सिंगरौली |
| (B) | गैरिसन | काँडला |
| (C) | परिवहन | मोदीनगर |
| (D) | प्रशासनिक | पिलानी |

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **18** and **19** are Source-based Questions. Each question carries **3** marks.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **20** to **23** are Short Answer Type Questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **24** to **28** are Long Answer Type Questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **29** and **30** are Map-based Questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **17** are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

**1.** Choose the correctly matched pair.

| | *(Town)* | *(Example)* |
|---|---|---|
| (A) | Mining | Singrauli |
| (B) | Garrison | Kandla |
| (C) | Transport | Modinagar |
| (D) | Administrative | Pilani |

2. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा एक औद्योगिक नगर है ?

(A) सलेम (B) चंडीगढ़

(C) नैनीताल (D) शिलांग

3. भारत के निम्नलिखित नगरों को उनके विकास के आधार पर प्राचीनतम से नवीनतम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. लखनऊ II. वाराणसी

III. भिलाई IV. जमशेदपुर

विकल्प :

(A) I, IV, III, II (B) I, IV, II, III

(C) II, I, IV, III (D) II, I, III, IV

4. भारत में सड़क की दशाओं में सुधार करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी योजना प्रस्तावित हुई ?

(A) नागपुर योजना (B) स्वर्णिम चतुर्भुज योजना

(C) उत्तर-दक्षिण गलियारा योजना (D) बीस-वर्षीय सड़क योजना

5. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* झुग्गी बस्तियों (slum settlements) में मकान, स्वास्थ्य तथा पेयजल आदि मूलभूत आवश्यकताओं का अभाव पाया जाता है।

*कारण (R) :* भारत सरकार ने शहरी झुग्गी बस्तियों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए 'स्वच्छ भारत मिशन' का आरंभ किया।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**2.** Which one of the following is an industrial town in India ?

(A) Salem (B) Chandigarh

(C) Nainital (D) Shillong

**3.** Arrange the following towns of India from the oldest to the newest on the basis of their evolution and choose the correct option.

I. Lucknow II. Varanasi

III. Bhilai IV. Jamshedpur

Options :

(A) I, IV, III, II (B) I, IV, II, III

(C) II, I, IV, III (D) II, I, III, IV

**4.** Which one of the following plan was introduced to improve the conditions of roads in India ?

(A) Nagpur Plan (B) Golden Quadrilateral Plan

(C) North-South Corridor Plan (D) Twenty-Year Road Plan

**5.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Lack of basic necessities such as housing, health and drinking water, etc. are found in slum settlements.

*Reason (R) :* The Government of India launched the 'Swachh Bharat Mission' to improve the quality of life in urban slums.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**6.** विश्व व्यापार संगठन (WTO) से संबंधित निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ एंड ट्रेड (GATT) इसकी पूर्ववर्ती संस्था थी

(B) 2016 में इसके 149 सदस्य देश थे

(C) भारत 1984 में इसका सदस्य बना

(D) इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है

**7.** सूचना-आधारित सेवाओं का उपभोग निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ?

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

**8.** निम्नलिखित में से किसने लोगों की स्वतंत्रता में वृद्धि को मानव विकास का मुख्य उद्देश्य माना ?

(A) महबूब-उल-हक (B) एहरलिच

(C) अमर्त्य सेन (D) मेडोज़

**9.** "खाद्य आपूर्ति की अपेक्षा लोगों की संख्या अधिक तेज़ी से बढ़ेगी।" यह अवधारणा निम्नलिखित में से किसके द्वारा दी गई ?

(A) ग्रिफ़िथ टेलर (B) ब्रंटलैंड

(C) थॉमस माल्थस (D) वाल्टर बर्ले ग्रिफिन

**10.** तृतीयक क्रियाकलापों की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. इसमें भौतिक कच्चे माल का प्रसंस्करण शामिल है।

II. यह सेवाओं का उत्पादन है।

III. बहुत-सी सेवाएँ अति विशिष्ट हैं।

IV. बिजली के मिस्त्री, डॉक्टर, वकील, चालक इसके कुछ उदाहरण हैं।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, II और IV सही हैं।

(D) केवल II, III और IV सही हैं।

6. Choose the correct option from the following related to World Trade Organisation (WTO).

(A) The General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) was its predecessor

(B) 149 countries were its members as of 2016

(C) India became its member in 1984

(D) Its headquarters is located in New York

7. Consumption of information-based services come under which one of the following sectors ?

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

8. Who among the following considered an increase in freedom of the people as the main objective of human development ?

(A) Mahbub-ul-Haq (B) Ehrlich

(C) Amartya Sen (D) Meadows

9. "The number of people would increase faster than the food supply." This concept was given by which one of the following ?

(A) Griffith Taylor (B) Brundtland

(C) Thomas Malthus (D) Walter Burley Griffin

10. Read the following characteristics of tertiary activities carefully and choose the correct option.

I. It is involved in processing of physical raw materials.

II. It is an output of services.

III. Many of the services are highly specialised.

IV. Electrician, doctor, lawyer, driver are some of its examples.

Option :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

11. कॉलम-I का कॉलम-II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | *कॉलम-I (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार)* | | *कॉलम-II (विशेषता)* |
|---|---|---|---|
| a. | भौगोलिक संरचना | i. | यह जैविक जीवन को निर्धारित करता है। |
| b. | खनिज संसाधन | ii. | यह खनिज संसाधन आधार को निर्धारित करता है। |
| c. | जलवायु | iii. | यह औद्योगिक विकास के लिए आधार प्रदान करता है। |
| d. | सांस्कृतिक कारक | iv. | क्राफ्ट (शिल्प) और कौशल का विकास इसके द्वारा निर्धारित होता है। |

विकल्प :

(A) a – ii, b – iii, c – i, d – iv
(B) a – ii, b – iii, c – iv, d – i
(C) a – iii, b – ii, c – iv, d – i
(D) a – iii, b – ii, c – i, d – iv

12. जहाँ कार्य बाह्यस्रोतन के माध्यम से किया जाता है, वहाँ के कर्मचारियों की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. सस्ते और कुशल श्रमिकों की उपलब्धता
II. कार्य में लगे कर्मचारियों की अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़
III. अति कौशल से पूर्ण और अच्छी तरह भुगतान किए जाने वाले कर्मचारी
IV. ग्राहक सहायता और कॉल सेंटर सेवाओं की सुविधाएँ

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।
(B) केवल I, II और IV सही हैं।
(C) केवल I, III और IV सही हैं।
(D) केवल II, III और IV सही हैं।

13. विकासशील देशों के लिए 'मुक्त व्यापार' की निम्नलिखित में से कौन-सी हानि है ?

(A) माल का आदान-प्रदान
(B) माल की डंपिंग
(C) माल की खरीदारी
(D) माल का बेचना

14. मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में जल-संभर प्रबंधन कार्यक्रम का सफल संचालन निम्नलिखित में से किसके द्वारा वित्त-पोषित था ?

(A) ग़ैर-सरकारी संगठन
(B) झाबुआ जिला प्रशासन
(C) मध्य प्रदेश सरकार
(D) केन्द्र सरकार

**11.** Match Column-I with Column-II and choose the correct option.

| | *Column-I (Basis of International Trade)* | | *Column-II (Feature)* |
|---|---|---|---|
| a. | Geological structure | i. | It determines the biotic life. |
| b. | Mineral resources | ii. | It determines the mineral resource base. |
| c. | Climate | iii. | It provides the base for industrial development. |
| d. | Cultural factors | iv. | The development of crafts and skills is determined by it. |

Options :

(A) a – ii, b – iii, c – i, d – iv  (B) a – ii, b – iii, c – iv, d – i

(C) a – iii, b – ii, c – iv, d – i  (D) a – iii, b – ii, c – i, d – iv

**12.** Read the following characteristics of workforce carefully, where work is performed through outsourcing and choose the correct option.

I. Availability of cheap and skilled workers

II. Good English language skill of involved workforce

III. Highly-skilled well-paid professionals

IV. Facility of customer support and call centre services

Options :

(A) Only I, II and III are correct.  (B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.  (D) Only II, III and IV are correct.

**13.** Which one of the following is the disadvantage of 'free trade' for developing countries ?

(A) Goods exchanging  (B) Goods dumping

(C) Goods purchasing  (D) Goods selling

**14.** The successful implementation of watershed management programme in Jhabua district of Madhya Pradesh was funded by which one of the following ?

(A) Non-Governmental Organisation

(B) Jhabua District Administration

(C) Madhya Pradesh Government

(D) Central Government

*अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर दीजिए।*

**मानव और उसके भौतिक पर्यावरण में संबंध**

आपको इस तथ्य का पहले से ही बोध होगा कि एक विषय के रूप में भूगोल का मुख्य सरोकार पृथ्वी को मानव के घर के रूप में समझना और उन सभी तत्त्वों का अध्ययन करना है, जिन्होंने मानव को पोषित किया है। अत:, प्रकृति और मानव के अध्ययन पर बल देता है। आप अनुभव करेंगे कि भूगोल में द्वैतवाद आया और इस आशय के व्यापक तर्क-वितर्क आरंभ हो गए कि क्या एक विषय के रूप में भूगोल को *नियम बनाने/सिद्धांतीकरण* (नोमोथेटिक) अथवा *विवरणात्मक* (भावचित्रात्मक/इडियोग्राफिक) होना चाहिए।

मनुष्य अपने प्रौद्योगिकी की सहायता से अपने भौतिक पर्यावरण से अन्योन्यक्रिया करता है। यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, कि मानव क्या उत्पन्न और निर्माण करता है बल्कि यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है कि वह 'किन उपकरणों और तकनीकों की सहायता से उत्पादन और निर्माण करता है'।

प्रौद्योगिकी किसी समाज के सांस्कृतिक विकास के स्तर की सूचक होती है। मानव प्रकृति के नियमों को बेहतर ढंग से समझने के बाद ही प्रौद्योगिकी का विकास कर पाया।

**15.** निम्नलिखित में से किसने मानव को उच्च क्रम प्रौद्योगिकी को विकसित करने में सहायता की ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) आग की खोज

(B) चक्र की खोज

(C) प्रकृति के नियमों की बेहतर समझ

(D) उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा प्रकृति के साथ बेहतर संपर्क

**16.** भूगोल में पृथ्वी के धरातल को समझने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अविभाज्य है ?

(A) प्रादेशिक और क्रमबद्ध

(B) प्रकृति और मानव

(C) निश्चयवाद और संभववाद

(D) संभववाद और नवनिश्चयवाद

**17.** एक विषय के रूप में भूगोल का मुख्य सरोकार निम्नलिखित में से कौन-सा है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) पृथ्वी मानव के घर के रूप में

(B) पृथ्वी प्लांट किंगडम के घर के रूप में

(C) पृथ्वी पशु विश्व के घर के रूप में

(D) पृथ्वी भूदृश्य के घर के रूप में

*Read the passage carefully and answer the questions no. **15** to **17**.*

**Relation Between Humans and their Physical Environment**

You are already aware of the fact that the core concern of geography as a discipline is to understand the earth as home of human beings and to study all those elements, which have sustained them. Thus, emphasis is on study of nature and human beings. You will realise that geography got subjected to dualism and the wide-ranging debates started whether geography as a discipline should be a *law making/theorising* (nomothetic) or *descriptive* (idiographic).

Human beings interact with their physical environment with the help of technology. It is not important what human beings produce and create but it is extremely important 'with the help of what tools and techniques do they produce and create'.

Technology indicates the level of cultural development of society. Human beings were able to develop technology after they developed better understanding of natural laws.

**15.** Which one of the following helped human beings to develop high order of technology ? Choose the most appropriate option.

(A) Invention of fire
(B) Invention of wheel
(C) Better understanding of natural laws
(D) Better interaction with nature by advanced technology

**16.** To understand the earth surface in geography, which one of the following is inseparable ?

(A) Regional and Systematic
(B) Nature and Human
(C) Determinism and Possibilism
(D) Possibilism and Neo-determinism

**17.** The core concern of geography as a discipline is which one of the following ? Choose the most appropriate option.

(A) Earth as home of human beings
(B) Earth as home of plant kingdom
(C) Earth as home of animal world
(D) Earth as home of landforms

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

**18.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**मानव विकास**

संसाधनों तक पहुँच, स्वास्थ्य एवं शिक्षा मानव विकास के केंद्र बिंदु हैं। इन पक्षों में से प्रत्येक के मापन के लिए उपयुक्त सूचकों का विकास किया गया है।

प्राय: लोगों में अपने आधारभूत विकल्पों को तय करने की क्षमता और स्वतंत्रता नहीं होती। यह ज्ञान प्राप्त करने की अक्षमता उनकी भौतिक निर्धनता, सामाजिक भेदभाव, संस्थाओं की अक्षमता और अन्य कारणों की वजह से हो सकता है। इससे दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन जीने, शिक्षा प्राप्ति के योग्य होने और एक शिष्ट जीवन जीने के साधनों को प्राप्त करने में बाधा आती है।

लोगों के विकल्पों में वृद्धि करने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों तक पहुँच में उनकी क्षमताओं का निर्माण करना महत्त्वपूर्ण है। यदि इन क्षेत्रों में लोगों की क्षमता नहीं है, तो विकल्प भी सीमित हो जाते हैं।

उदाहरणत: एक अशिक्षित बच्चा डॉक्टर बनने का विकल्प नहीं चुन सकता क्योंकि उसका विकल्प शिक्षा के अभाव में सीमित हो गया है। इसी प्रकार, प्रायः निर्धन लोग बीमारी के लिए चिकित्सा उपचार नहीं चुन सकते क्योंकि संसाधनों के अभाव में उनका विकल्प सीमित हो जाता है।

(18.1) मानव विकास के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए जिनकी वजह से आधारभूत विकल्पों को तय करने की क्षमता और स्वतंत्रता नहीं होती। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) उस अवस्था की व्याख्या कीजिए जो लोगों के चुनने के अधिकार को नियंत्रित करती है। *1*

## SECTION B

*Questions no. **18** and **19** are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

### Human Development

Access to resources, health and education are the key areas in human development. Suitable indicators have been developed to measure each of these aspects.

Very often, people do not have the capability and freedom to make even basic choices. This may be due to their inability to acquire knowledge, their material poverty, social discrimination, inefficiency of institutions and other reasons. This prevents them from leading healthy lives, being able to get educated or to have the means to live a decent life.

Building people's capabilities in the areas of health, education and access to resources is therefore, important in enlarging their choices. If people do not have capabilities in these areas, their choices also get limited.


For example, an uneducated child cannot make the choice to be a doctor because her choice has got limited by her lack of education. Similarly, very often poor people cannot choose to take medical treatment for disease because their choice is limited by their lack of resources.

(18.1) Name any two areas of human development. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) Mention any two reasons which lead to lack of capability and freedom to make even basic choices. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) Explain the condition in which the choices of people are restricted. *1*

**19.** दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(19.1) मानचित्र में दिए गए जलमार्ग का नाम लिखिए। *1*


(19.2) दिए गए मानचित्र में (A) और (B) के रूप में अंकित पत्तनों के नाम लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.3) आंतरिक जलमार्ग के रूप में नदी के आर्थिक महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है।*

विश्व में जलमार्गों के आर्थिक महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *3*

19. Study the given map carefully and answer the questions that follow :




(19.1) Name the waterway given in the map. 1

(19.2) Name the ports marked (A) and (B) on the given map. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.3) Explain the economic significance of the river as an inland waterway. 1

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***19****.*

Explain the economic significance of waterways in the world. 3


**खण्ड ग**

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *4×3=12*

**20.** भारत में ध्वनि प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए उपाय सुझाइए। *3*

**21.** भारत में पाइपलाइन परिवहन प्रणाली की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *3*

**22.** निम्नलिखित ग्राफ़ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :




***जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत***

(22.1) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की अवस्था II में शुद्ध जनसंख्या वृद्धि की अधिकता के कारण को स्पष्ट कीजिए। *1*

(22.2) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की अवस्था I और III में अंतर स्पष्ट कीजिए। *1*

(22.3) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की अवस्था III के अंतर्गत आने वाले देशों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं का वर्णन कीजिए। *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **22** के स्थान पर है।*

जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *3*


## SECTION C

*Questions no. **20** to **23** are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** Suggest the measures to overcome the problem of noise pollution in India. *3*

**21.** Explain the main characteristics of pipeline transport system in India. *3*

**22.** Study the following graph carefully and answer the questions that follow :




***Demographic Transition Theory***

(22.1) Explain the reason of high net population increase in stage II of demographic transition theory. *1*

(22.2) Differentiate between stage I and III of demographic transition theory. *1*

(22.3) Describe the socio-economic conditions of countries under stage III of demographic transition theory. *1*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **22**.*

Explain the main characteristics of demographic transition theory. *3*

**23.** (क) कोलकाता समुद्री पत्तन और इसके पृष्ठ प्रदेश की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) मुंबई समुद्री पत्तन और इसके पृष्ठ प्रदेश की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं।* $5\times5=25$

**24.** भारतीय कृषि की प्रमुख समस्यों के निवारण हेतु कोई पाँच सुझाव दीजिए और उनकी व्याख्या कीजिए। $5\times1=5$

**25.** (क) विश्व में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) विश्व में वाणिज्य पशुधन पालन की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। *5*

**26.** (क) "उद्योग, लागत कम करके, लाभ को अधिकतम करते हैं।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) कच्चे माल के आधार पर उद्योगों के वर्गीकरण को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *5*

**27.** (क) भारत के जल-संभर प्रबंधन में वर्षाजल संग्रहण के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) भारत की राष्ट्रीय जल नीति की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। *5*

**28.** (क) भारत में जनसंख्या वृद्धि की क्षेत्रीय भिन्नताओं का विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच कारकों का विश्लेषण कीजिए। $5\times1=5$

**23.** (a) Explain the main characteristics of Kolkata sea port and its hinterland. *3*

**OR**

(b) Explain the main characteristics of Mumbai sea port and its hinterland. *3*

## SECTION D

*Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** Suggest any five measures to solve the main problems of Indian agriculture and explain them. *5×1=5*

**25.** (a) Analyse the main features of extensive commercial grain cultivation in the world. *5*

**OR**

(b) Analyse the main features of commercial livestock rearing in the world. *5*

**26.** (a) "Industries maximise profits by reducing costs." Explain the statement with examples. *5*

**OR**

(b) Explain the classification of industries on the basis of raw materials with examples. *5*

**27.** (a) Explain the importance of rainwater harvesting in watershed management in India. *5*

**OR**

(b) Explain the main features of India's national water policy. *5*

**28.** (a) Analyse the regional variation in population growth in India. *5*

**OR**

(b) Analyse any five factors responsible for uneven population distribution in India. *5×1=5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) में, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र

B. निर्वाहन संग्रहण का एक क्षेत्र

C. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

D. एक प्रमुख वायु पत्तन

E. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

F. चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

G. एक आंतरिक जलमार्ग

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) उत्तरी अमेरिका के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.2) अफ्रीका के एक प्रमुख निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.3) उत्तरी यूरोप के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.4) उत्तरी अमेरिका के दक्षिणी भाग के एक प्रमुख वायु पत्तन का नाम लिखिए।

(29.5) दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.6) उत्तरी एशिया के एक प्रमुख चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.7) मिस्र के एक आंतरिक जलमार्ग का नाम लिखिए।

## SECTION E

*Questions no. **29** and **30** are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the world (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. An area of extensive commercial grain farming

B. An area of subsistence gathering

C. A major sea port

D. A major airport

E. A major sea port

F. A major area of nomadic herding

G. An inland waterway

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name an area of extensive commercial grain farming in North America.

(29.2) Name a major area of subsistence gathering in Africa.

(29.3) Write the name of a major sea port in northern Europe.

(29.4) Name a major airport in the southern part of North America.

(29.5) Name a major sea port of South Africa.

(29.6) Name a major area of nomadic herding of northern Asia.

(29.7) Write the name of an inland waterway of Egypt.

**30.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) में, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) कपास उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.2) छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग में स्थित लौह अयस्क की खानें

(30.3) झारखण्ड के उत्तरी भाग में स्थित ताँबे की खानें

(30.4) गोवा का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.5) गुजरात का एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

(30.6) कोलकाता समुद्री पत्तन के दबाव को कम करने के लिए बनाया गया एक समुद्री पत्तन

(30.7) चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) कपास उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग में लौह अयस्क की खानें स्थित हैं।

(30.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ झारखण्ड के उत्तरी भाग में ताँबे की खानें स्थित हैं।

(30.4) गोवा के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख समुद्री पत्तन अवस्थित है।

(30.5) गुजरात के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

(30.6) कोलकाता समुद्री पत्तन के दबाव को कम करने के लिए बनाए गए एक समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(30.7) चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

**30.** On the given political outline map of India (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state leading in the production of cotton

(30.2) Iron ore mines located in southern part of Chhattisgarh

(30.3) Copper mines located in northern part of Jharkhand

(30.4) A major sea port of Goa

(30.5) An international airport in Gujarat

(30.6) A sea port built to relieve the pressure of Kolkata sea port

(30.7) The state leading in the production of tea

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state leading in the production of cotton.

(30.2) Name the place where iron ore mines are located in southern part of Chhattisgarh.

(30.3) Name the place where copper mines are located in northern part of Jharkhand.

(30.4) Write the name of the place where a major sea port is located in Goa.


(30.5) Name the place where an international airport is located in Gujarat.

(30.6) Write the name of a sea port built to relieve the pressure of Kolkata sea port.

(30.7) Name the state leading in tea production.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

**For question no. 29**



प्रश्न संख्या 30 के लिए

For question no. 30

